Constitution Day

NSS Dinesh 26 Nov, 2022

दिनांक 26 नवंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सराहां मे राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना इकाई व नेहरू युवा केंद्र, नहान के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य श्री हेमंत कुमार मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना के साथ की गई। नेहरू युवा केंद्र नहान से पधारे जिला सहायक युवा अधिकारी श्री सुरेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि, विभिन्न महाविद्यालयों से आए आचार्यगण , प्रतिभागी छात्र व स्थानीय महाविद्यालय के आचार्यगण व छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए राजकीय महाविद्यालय सराहां में सेवारत राजनीति शास्त्र विभाग के आचार्य दिनेश कुमार ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया । तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों को संविधान दिवस पर एक वीडियो दिखाया गया और विभिन्न महाविद्यालयों से आई टीमों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय भरली, राजकीय महाविद्यालय पझौता, राजकीय महाविद्यालय सराहां और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नहान के छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी का विषय भारतीय संविधान, इसके मुख्य आदर्श, प्रतीक, प्रावधान, अनुच्छेद और भारतीय राजनीति रहे। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय भरली ने द्वितीय व राजकीय महाविद्यालय सराहां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात राजकीय महाविद्यालय सराहां मैं कार्यरत राजनीति शास्त्र विभाग के आचार्य दिनेश कुमार ने, "भारत: लोकतंत्र की जननी" विषय पर अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य ने अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को संविधान की महत्ता को इंगित करते हुए आने वाले भविष्य के लिए बेहतर नागरिक तैयार होने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय द्वारा विजेताओं को पुरस्कार बांटने के बाद राष्ट्रगान के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया।